नाराजगी

केंद्रीय चिकित्सालय के नए आदेश से श्रमिकों में नाराजगी, चिकित्सकों की सलाह की अनदेखी होने की आशंका

# स्वीकृति के बाद अस्पताल का नाम नहीं बदलेगा

**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र स्थित केंद्रीय चिकित्सालय धनपुरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा 13 जून को जारी किए गए नए आदेश ने श्रमिकों और यूनियन पदाधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। आदेश के अनुसार अब बिलासपुर मुख्यालय से उपचार के लिए स्वीकृति पत्र जारी होने के बाद उसमें दर्ज अस्पताल का नाम किसी भी परिस्थिति में नहीं बदला जाएगा। मरीज को उसी अस्पताल में उपचार कराना होगा जिसका उल्लेख स्वीकृति पत्र में किया गया है। इस निर्णय को लेकर श्रमिक संगठनों ने मरीजों के हित प्रभावित होने की आशंका जताई है। श्रमिकों का कहना है कि अब तक मरीज अपनी सुविधा, बीमारी की प्रकृति और चिकित्सक की सलाह के अनुसार अस्पताल का चयन कर लेते थे। कई बार ऐसा होता था कि उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा सुझाए गए अस्पताल और




स्वीकृति पत्र में दर्ज अस्पताल के नाम में अंतर होता था। ऐसी स्थिति में प्रकरण को सुधार के लिए बिलासपुर मुख्यालय भेजा जाता था और संशोधन के बाद नया आदेश जारी कर दिया जाता था। लेकिन नए नियम के लागू होने के बाद ऐसी किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारने की व्यवस्था लगभग समाप्त हो जाएगी।

यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि इस आदेश के बाद अस्पताल चयन की पूरी प्रक्रिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के इर्द-गिर्द केंद्रित हो जाएगी। उनका कहना है कि जिस अस्पताल के साथ बेहतर संपर्क या प्रभाव होगा, उसी अस्पताल का नाम स्वीकृति के लिए आगे बढ़ाए जाने की संभावना बढ़ जाएगी। इससे सिफारिश और प्रभाव रखने वाले लोगों को लाभ मिल सकता है, जबकि सामान्य श्रमिकों और जरूरतमंद मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। श्रमिक नेताओं का कहना है कि उपचार कर रहा चिकित्सक ही मरीज की बीमारी और आवश्यकताओं को सबसे बेहतर तरीके से समझता है। ऐसे में अस्पताल के चयन में उसकी सलाह को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका आरोप है कि नए आदेश से चिकित्सकों की अनुशंसा का महत्व कम हो जाएगा और प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो जाएगी। यूनियन प्रतिनिधियों ने आपातकालीन परिस्थितियों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि किसी मरीज के लिए स्वीकृति पत्र में दर्ज अस्पताल उपयुक्त नहीं है या तत्काल किसी अन्य विशेष चिकित्सा संस्थान में भर्ती कराना आवश्यक हो जाए, तो अस्पताल परिवर्तन की अनुमति न मिलने से मरीज के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी, यह भी स्पष्ट नहीं है। श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन से आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उनका कहना है कि मरीजों के हित, चिकित्सकीय सलाह और आपातकालीन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिवर्तन की व्यवस्था पहले की तरह बनाए रखी जानी चाहिए, ताकि उपचार प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके।



# पुलिया बंद होने से बढ़ी जलभराव की समस्या

▸ बुढार रोड स्थित मॉडल सड़क पर पेट्रोल पंप निर्माण के दौरान निकासी व्यवस्था बाधित

**नवभारत, शहडोल।** शहर के बुढार रोड स्थित मॉडल सड़क पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के कारण स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि पेट्रोल पंप निर्माण के दौरान सड़क के एक तरफबनी पुलिया को बंद कर दिया गया, जिससे घरों और आसपास के क्षेत्र का गंदा पानी निकलना बंद हो गया है। परिणामस्वरूप सड़क पर जलभराव की स्थिति बनने लगी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले उक्त पुलिया के माध्यम से बारिश और नालियों का पानी आसानी से निकल जाता था, लेकिन पुलिया बंद होने के बाद पानी सड़क और आसपास के क्षेत्रों में जमा होने लगा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने के साथ यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।नागरिकों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप प्रबंधन द्वारा निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी व्यवस्था का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं, कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद की गई पुलिया को तत्काल चालू कराया जाए अथवा वैकल्पिक जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो बरसात में हालात और बिगड़ सकते हैं।अब बड़ा सवाल यह है कि आम जनता की इस परेशानी का जिम्मेदार कौन हैकृपेट्रोल पंप प्रबंधन, जिसने पुलिया बंद कर दी, या फ्रि नगर पालिका प्रशासन, जिसने शिकायतों के बावजूद समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया? यह सवाल क्षेत्र के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सूने मकान से लाखों के जेवरात व नकदी पार

▸ अमरकंटक दर्शन करने गया था परिवार

**नवभारत, शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना वार्ड क्रमांक 13 की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 निवासी रवि कुशवाहा शनिवार सुबह अपने परिवार के साथ अमरकंटक दर्शन के लिए गए थे। परिवार सुबह करीब 7 बजे घर में ताला लगाकर रवाना हुआ था। रात लगभग 1 बजे जब वे वापस लौटे तो घर में चोरी होने का पता चला।

पीड़ित रवि कुशवाहा ने बताया कि मकान के सामने वाले दरवाजे का ताला सुरक्षित लगा हुआ था, जबकि पीछे का दरवाजा खुला मिला। घर के भीतर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा 14 हजार रुपये नकद गायब मिले। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही सोहागपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफप्रकरण दर्ज कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। हाल ही में जयसिंहनगर क्षेत्र में एक मकान से लाखों रुपये की चोरी की वारदात सामने आई थी, वहीं जैतपुर थाना क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक के घर हुई 70 लाख रुपये से अधिक की बड़ी चोरी का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

## पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**नवभारत,शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किए गए हैं। लंबे समय से एक ही पदस्थापना स्थल पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानांतरण नीति 2026के तहत नई पदस्थापना दी गई है। यह कार्रवाई प्रशासनिक आवश्यकता और विभागीय व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है। जारी आदेश के अनुसार उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला पुलिस कर्मचारियों सहित कुल 110 पुलिसकर्मियों को जिले के विभिन्न थानों, चौकियों और इकाइयों में स्थानांतरित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक ही स्थान पर चार वर्ष तथा एक ही अनुभाग में दस वर्ष की अवधि पूरी कर ली थी, उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में यातायात, कोतवाली, सोहागपुर, जयसिंहनगर, जैतपुर, गोहपारू, धनपुरी, अमलाई, बुढार, ब्यौहारी, सिंहपुर, देवलोंद, खैरहा, पपौंध और महिला थाना सहित कई इकाइयों के कर्मचारी शामिल हैं।

# गोहपारू थाने के चक्कर काट कर थक गई पीड़िता

**नवभारत,गोहपारू।** पुलिस प्रशासन जहां एक ओर महिला सुरक्षा और पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ताजा मामला शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम खांड से सामने आया है, जहां एक लाचार महिला न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।मिली जानकारी के अनुसार,शासन से निवेदन है कि हमारी बीच पट्टे में रास्ता बना है। अपना रास्ता नक्शे में बनवाएं। हम सरपंच को बोलते हैं तो सरपंच कहता है कि पट्टा निरस्त कर देंगे। जल्द से जल्द जमीन को निगरानी करवाएं।

जनपद पंचायत गोहपारू, तहसील गोहपारू, ग्राम पंचायत खाँड़ से वार्ड नंबर 13, मैं किरण सिंह कँवर। 1123/2 हमारे नाम का जमीन है, लेकिन खैराड़ मचा के रखे हैं कौशल्या और इधर लोकेश, जमुना, ये लोग परिवार हो के हमको धमकी देते हैं। हमारा पति का जीना हराम करते हैं इस जमीन के बारे में। बीच पट्टे में रोड... रोड को कहते हैं नक्शे में बनवा दो तो सरपंच कहता है नहीं बनवाएंगे। धमकी देते हैं कि पट्टा निरस्त करेंगे। ग्राम खांड निवासी फरियादिया किरण सिंह कमर पिछले काफी समय से एक गंभीर जमीनी विवाद को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते आरोपी जमुना सिंह एवं उसके भाइयों के द्वारा लगातार फरियादिया किरण सिंह कमर और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस ार मिल रही धमकी के कारण पीड़िता और उनका पूर परिवार हमेशा खौफके साए में।

### थाने में कोई सुनवाई नहीं

फरियादिया किरण सिंह कमर ने बताया कि अपनी और अपने पति की सुरक्षा तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वह कई बार गोहपारू थाना जा चुकी हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि थाने में तैनात उन्हें ही डांट-फटकार (हड़का) कर थाने से भगा दिया। कई बार थाने के चक्कर काटने के बाद भी जब पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं हुई औन का रवैया अड़ियल बना रहा, तो पीड़िता पूरी तरह से टूट गई।

### कलेक्टर से की लिखित शिकायत, न्याय की आस

गोहपारू थाने से निराश होकर आखिरकार पीड़िता किरण सिंह कमर ने जिला मुख्यालय का रुख किया। उन्होंने शहडोल कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपबीती सुनाई और एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में उन्होंने आरोपी जमुना सिंह और उसके भाइयों से अपनी तथा अपने पति की जान का खतरा बताते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करने और गोहपारू थाना पुलिस के गैर-जिम्मेदाराना रवैये की जांच करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जिला कलेक्टर के संज्ञान में मामला आने के बाद इस बेबस परिवार को कब तक न्याय मिलता है और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों सहित धमकी देने वाले आरोपियों पर क्या कार्रवाई होती है।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका चाँदी का सिक्का* और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. ^Starting exshowroom price of Xtreme 125R IBS OBD2 variant in Madhya Pradesh. #T& C Apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.